प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

02.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

'' मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति पर जताई चिंता, कहा–भारत बातचीत के माध्यम से विवादों के समाधान का पक्षधर।
- मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय वित्त मंत्री से नई दिल्ली में की भेंट–राजस्व घाटे को पूरा करने के लिए विशेष केन्द्रीय सहायता के तहत मांगा वित्तीय पैकेज।
- सांसद सुरेश कश्यप ने कहा–केन्द्रीय करों की हिस्सेदारी के रूप में हिमाचल को अगले वित्त वर्ष के बजट में होगा 20 हजार 3 सौ 65 करोड़ रूपए का लाभ।
- उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुरूप वन भूमि पर अतिक्रमण के संबंध में नीति बनाएगी राज्य सरकार।
- कुल्लू के ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में गांधी शिल्प मेला शुरू–18 राज्यों के शिल्पकार ले रहे हैं भाग।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति गहरी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि भारत बातचीत और कूटनीति के माध्यम से सभी विवादों का समाधान करने का पक्षधर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में मौजूद भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए भारत सभी देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन से भेंट कर राजस्व घाटे को पूरा करने के लिए प्रदेश को विशेष केन्द्रीय सहायता के तहत वित्तीय पैकेज देने की मांग की। उन्होंने कहा कि राजस्व घाटा अनुदान यानि आर.डी.जी. को बंद करने से प्रदेश की वित्तीय हालत पर दूरगामी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़े राज्य आर.डी.जी. बंद होने से उत्पन्न स्थितियों का सामना करने में सक्षम हैं लेकिन हिमाचल की अर्थव्यवस्था इस स्थिति से निपटने के लिए तैयार नहीं है। केन्द्रीय वित्त मंत्री ने मुख्यमंत्री की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

किरेन रिजिजू

केन्द्रीय संसदीय कार्य व अल्पसंख्यक मामले मंत्री किरेन रिजिजू हिमाचल के अपने दो दिवसीय दौरे के बाद आज सुबह कांगड़ा के गग्गल हवाई अड्डे से नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। उन्होंने अपने दौरे के दौरान चम्बा जिले में अनेक विकास कार्यों के शिलान्यास किए। हवाई अड्डे पर पत्रकारों के सवाल पर किरेन रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईरान व इजरायल के बीच जारी संघर्ष को देखते हुए इन देशों में फंसे भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लाने को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

युवा संसद

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि अगले वित्त वर्ष के केन्द्रीय बजट में हिमाचल को केन्द्रीय करों की हिस्सेदारी के रूप में 20 हजार 3 सौ 65 करोड़ रूपए का लाभ होगा। उन्होंने आज नाहन में विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। सुरेश कश्यप ने बताया कि केन्द्रीय बजट में युवाओं का विशेष ध्यान रखा गया है और उन्हें स्वरोजगार के व्यापक अवसर मिलेंगे। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं से राजनीति के क्षेत्र में आगे आने का आहवान किया है। युवा संसद में बड़ी संख्या में जिले के युवाओं ने भाग लिया और विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे।

जगत सिंह

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुरूप प्रदेश में वन भूमि पर अतिक्रमण के संबंध में नीति बनाई जाएगी। उन्होंने आज शिमला में अधिकारियों के साथ एक बैठक में नीति प्रारूप तैयार करने को लेकर विचार विमर्श किया है। नेगी ने बताया कि राजस्व विभाग के

अतिरिक्त सचिव अनिल चौहान की अध्यक्षता में एक सब–कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया है जो एक सप्ताह के भीतर नीति का प्रारूप तैयार कर सरकार को सौंपेगी।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रवेश शुल्क में कई गुना वृद्धि कर लोगों व श्रद्धालुओं पर भारी बोझ डाला है। नाहन में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि माता बालासुंदरी मंदिर सहित राज्य में स्थित शक्तिपीठों में दर्शनों के लिए आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को पहले प्रवेश शुल्क देना होगा। बिंदल ने कहा कि ये भारी–भरकम प्रवेश शुल्क सही नहीं है और इससे पर्यटन पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला जिले के कोटखाई इलाके में विभिन्न विकास कार्यों के उदघाटन किए। इनमें कोटखाई में राजस्व रिकार्ड रूम, पशु औषधालय और टाहू कथान्ड़ी पंचायत में नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण भी शामिल है। रोहित ठाकुर ने बताया कि राज्य सरकार ने स्कूलों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए अनेक प्रभावी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कोटखाई के ग्रामीण परिवेश में केन्द्रीय विद्यालय खोलना एक बड़ी उपलब्धि है।

हस्तशिल्प मेला

कुल्लू के एतिहासिक ढालपुर मैदान में आज से गांधी शिल्प मेला शुरू हुआ जिसमें देश के लगभग 18 राज्यों के कुशल शिल्पकार हिस्सा ले रहे हैं। इस मेले में हस्तशिल्प व हथकरघा उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने 8 मार्च तक चलने वाले इस शिल्प मेले का शुभारम्भ किया। इस दौरान लोगों को एक ही छत के नीचे देश के विभिन्न राज्यों के हस्तशिल्प उत्पाद खरीदने का मौका मिल रहा है।

पांगी मांग

चम्बा जिले की जनजातीय पांगी घाटी की शौर पंचायत के उप–प्रधान निहाल सिंह भारद्वाज ने पांगी प्रशासन से किलाड़ में सुलभ–शौचालय की सुविधा फिर से शुरू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि भारी बर्फबारी के कारण दो महीने पहले किलाड़ में सुलभ शौचालय बंद किया गया था लेकिन अब बसों की आवाजाही शुरू हो गई है। ऐसे में किलाड़ आने–जाने वाले लोगों को शौचालय की सुविधा न मिलने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नगर निगम पार्षद

शिमला नगर निगम के एक भाजपा पार्षद को महापौर द्वारा निलंबित करने के खिलाफ भाजपा ने आंदोलन तेज कर दिया है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने आज उपायुक्त कार्यालय के बाहर महापौर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। जिला भाजपा अध्यक्ष केशव चौहान ने आरोप लगाया कि महापौर का कार्यकाल पूरा हो चुका है और वे गैर–कानूनी तरीके से पद पर बने हुए हैं। उन्होंने भाजपा पार्षद बिट्टू पाना के निलंबन को असंवैधानिक करार दिया।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति पर जताई चिंता, कहा–भारत बातचीत के माध्यम से विवादों के समाधान का पक्षधर।
- मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय वित्त मंत्री से नई दिल्ली में की भेंट–राजस्व घाटे को पूरा करने के लिए विशेष केन्द्रीय सहायता के तहत मांगा वित्तीय पैकेज।
- सांसद सुरेश कश्यप ने कहा–केन्द्रीय करों की हिस्सेदारी के रूप में हिमाचल को अगले वित्त वर्ष के बजट में होगा 20 हजार 3 सौ 65 करोड़ रूपए का लाभ।
- उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुरूप वन भूमि पर अतिक्रमण के संबंध में नीति बनाएगी राज्य सरकार।
- कुल्लू के ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में गांधी शिल्प मेला शुरू–18 राज्यों के शिल्पकार ले रहे हैं भाग।